आवश्यकता
पंजाब के हर शहर व कस्बे से
वंदे भारत 24
के लिए पत्रकारों की जरूरत है।
चाहवान सम्पर्क कर सकते है।
मोब. 97814-00247
97804-00247
E-mail : info@vandebharat24.com

जालंधर, रविवार 23 मार्च 2025

# वंदे भारत 24

भारत के मन की बात



@vandebharat24 | vandebharat24 | @vandebharat24news | www.vandebharat24.com

# खालिस्तानी समर्थकों को उन्हीं के स्टाइल में जवाब!

## हिमाचल में पंजाब रोडवेज की बसें रोकी और 'भारत माता' के पोस्टर लगाए

**जालंधर ( हर्ष शर्मा ) :** हिमाचल प्रदेश और खालिस्तानी नेता भिंडरावाला के समर्थकों के बीच चल रहे विवाद लगातार बढ़ता जा रहा है. पंजाब के अमृतसर में शनिवार को बस स्डैंड पर हिमाचल की बसों के शीशे तोड़े गए और खिलास्तान लिखा गया. अब हिमाचल के शिमला में इस पर प्रतिक्रिया मिली है. हरियाणा के अंबाला से आए एंटी टेररिस्ट फ्रंट के नेता वीरेश शांडिल्य ने शिमला के बस स्टैंड में खालिस्तानियों का झंडा फूंका और पंजाब रोडवेज की बसों पर भारत माता के पोस्टर लगाए हैं. यानी खालिस्तानी समर्थकों को उनकी की भाषा में जवाब दिया गया है.

जानकारी के अनुसार, वीरेश शांडिल ने शिमला में खालिस्तानियों की झंडा फूंक का आह्वान किया और वह शनिवार को इस कड़ी में शिमला के न्यू बस स्टैंड पहुंचे थे.

उन्होंने पंजाब रोडवेज की बस रोककर प्रदर्शन और बस के भीतर जाकर भी नारेबाजी की. वीरेश शांडिल्य ने बस ड्राइवर को अपना फोन नंबर भी दिया और बसों के फ्रंट में पोस्टर लगाए. एंटी टेररिस्ट फ्रंट इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरेश शांडिल्य के साथ आए लोगों ने भी पंजाब रोडवेज की बस में भारत माता के पोस्टर और खालिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाए. उधर, इस दौरान बस स्डैंट पर अतिरिक्त पुलिस बल की भी तैनाती की गई थी.




राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरेश शांडिल्य ने कहा कि आज मुद्दा हिमाचल की शांति को भंग करने का है और आज डिप्टी सीएम को ज्ञापन दिया जाएगा. साथ ही सर्वदलीय बैठक की मांग की जाएगी. उन्होंने कहा कि सीएम सुखविंदर सिंह सुक्खू सभी दलों के साथ बैठक करें और सदन में प्रस्ताव पारित करें कि जरनैल सिंह भिंडरावाला आतंकवादी था. भिंडरावाला ने गुरुद्वारा साहिब की पवित्रता भंग की थी. उन्होंने कहा कि भिंडरावाला के पोस्टर लगाने के पीछे गहरी साजिश है और हिमाचल की शांति को भंग की जा रही है.

शांडिल ने कहा कि खालिस्तानियों के खिलाफ हथियार उठाने की जरूरत पड़ी तो उठाएंगे. क्योंकि हिंदू-सिक्ख को लड़वाने की साजिश की जा रही है. पंजाब के अंदर जहर पैदा किया जा रहा है और इसके खिलाफ राष्ट्रीय स्तर पर आंदोलन किया जाएगा. शांडिल ने कहा कि खालिस्तानियों के खिलाफ हथियार उठाने की जरूरत पड़ी तो उठाएंगे. क्योंकि हिंदू-सिक्ख को लड़वाने की साजिश की जा रही है. पंजाब के अंदर जहर पैदा किया जा रहा है और इसके खिलाफ राष्ट्रीय स्तर पर आंदोलन किया जाएगा.

उन्होंने हिमाचल के सीएम से पूछा कि हिमाचल के डीजीपी से पूछें कि भिंडरावाला के समर्थकों को बॉर्डर पर क्यों नहीं रोका जाएगा. यदि पीएम मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह 370 खत्म कर सकते हैं तो बबर खालसा के आतंकवादियों को भी खत्म करें.

वीरेंश ने सवाल किय का आतंकवादी को संत किसने कहा और खालिस्तानी समर्थकों को कनाडा से फंडिंग हो रही है, ये पाकिस्तान के एजेंट हैं.

खालिस्तानी समर्थक पूरे देश में आतंक फैला रहे हैं. उधर, दिल्ली दौरे पर गए सीएम सुक्खू ने कहा कि बसों की पंजाब में तोड़फोड़ को लेकर सीएम भगवंत मन से बात की है और जल्द इसका हल निकालेंगे.

## मटन खिलाने पर मिला 2 बार राज्यसभा सीट, पूर्व कांग्रेसी नेता का बड़ा दावा

**जालंधर ( अंशु कपूर ) :** कांग्रेस छोड़कर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हुए गौरव वल्लभ ने अपनी पुरानी पार्टी के काम करने के तौर-तरीकों पर गंभीर सवाल उठाए हैं. हाल ही में एक पॉडकास्ट इंटरव्यू में उन्होंने कांग्रेस के अंदर चाटुकारिता और परिवारवाद को लेकर खुलकर बात की. वल्लभ ने आरोप लगाया कि कांग्रेस में 'पीए कल्चर' (पर्सनल असिस्टेंट कल्चर) हावी हो चुका है और अब योग्यता की जगह चाटुकारिता को बढ़ावा दिया जा रहा है.

मटन पसंद जानने पर मिलती है राज्यसभा सीट!

गौरव वल्लभ ने इंटरव्यू के दौरान बिना किसी का नाम लिए दावा किया कि कांग्रेस में एक ऐसे व्यक्ति को दो बार राज्यसभा में भेजा गया जिसने कोई बड़ी उपलब्धि हासिल नहीं की. वल्लभ ने कहा, मैं एक ऐसे व्यक्ति को जानता हूं जो मल्लिकार्जुन खरगे साहब के करीबी हैं. उसकी सिर्फ एक योग्यता है - उसे यह पता है कि दिल्ली में सबसे अच्छा मटन कहां मिलता है. वल्लभ ने आगे कहा कि वह शुद्ध



शाकाहारी व्यक्ति हैं और किसी के लिए दाल तक लाने को तैयार नहीं हैं, लेकिन कांग्रेस में ऐसा व्यक्ति जो मटन लाना जानता है, दो बार राज्यसभा में पहुंच चुका है.

**मटन लाने की योग्यता से नहीं चल सकती पार्टी :** गौरव वल्लभ ने तंज कसते हुए कहा, मुझे किसी के खाने-पीने से दिक्कत नहीं है, लेकिन मटन लाने की योग्यता राज्यसभा सीट के लिए पैमाना नहीं हो सकती. उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस में अब काबिलियत या समझदारी से ज्यादा चाटुकारिता को महत्व दिया जा रहा है. हालांकि, वल्लभ ने किसी का नाम नहीं लिया लेकिन जब पत्रकार आदेश रावल ने जम्मू-कश्मीर प्रभारी नासिर हुसैन का नाम लिया, तो उन्होंने टिप्पणी करने से इनकार कर दिया. वल्लभ ने कहा, मैं किसी का नाम नहीं लूंगा, लेकिन कांग्रेस के हर कार्यकर्ता को पता है कि पार्टी में कौन मटन लाने की योग्यता रखता है.

**'पीए कल्चर' और परिवारवाद के आरोप :** गौरव वल्लभ ने कांग्रेस पार्टी में पीए कल्चर और परिवारवाद को लेकर भी हमला बोला. उन्होंने कहा कि पार्टी में अब योग्यता, विचारधारा और मेहनत की जगह परिवारवाद और खास लोगों की सिफारिश से पद दिए जा रहे हैं. वल्लभ ने कांग्रेस छोड़ने की वजह भी इन्हीं समस्याओं को बताया और कहा कि पार्टी में अब योग्य लोगों को दरकिनार कर दिया जाता है.

HAKIM TILAK RAJ KAPOOR
HOSPITAL PVT. LTD.
NEAR FOOTBALL CHOWK, JALANDHAR | Call/Whatsapp No. +91-95015-02525



आयुर्वेदिक एवं यूनानी दवाइयों तथा पंचकर्मा द्वारा
हर बीमारी के सफल इलाज के लिए मिलें।
Dr. Nuvneet Kapoor
B.A.M.S., M.D (H.T.R.K.)
Ph.: 0181-5092525
Website : www.hakimtilakraj.in

आवश्यकता पंजाब के हर शहर व कस्बे से पत्रकारों की जरूरत है। चाहवान सम्पर्क कर सकते है। मोब. 97814-00247 97804-00247







# S.T College of Nursing & Medical Sciences, Hoshiarpur में शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित

**जालंधर ( हर्ष शर्मा ) :** S.T College of Nursing & Medical Sciences में शहीद भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव के शहीदी पूर्व दिवस के उपलक्ष्य में श्रद्धांजलि समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर कॉलेज के विद्यार्थियों ने शहीदों की स्मृति में पोस्टर बनाए और एक नाटक प्रस्तुत कर उनके बलिदान को उजागर किया। कार्यक्रम के दौरान पूरे परिसर में इंकलाब जिंदाबाद के नारे गूंज उठे। कॉलेज की मैनेजिंग डायरेक्टर मैडम अंजू कुंदरा ने विद्यार्थियों को शहीदों के बलिदान के महत्व से अवगत कराया। उन्होंने स्वतंत्रता संग्राम में उनके योगदान और देश के लिए किए गए बलिदान की महत्ता पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के दौरान शहीदों को याद कर सभी की आंखें नम हो गईं।




## अजनाला थाने पर हमले का मामला : फरीदकोट पहुंची अजनाला पुलिस, वारिस पंजाब दे से जुड़ा युवक हिरासत में

**जालंधर ( पवन कश्यप ) :** फरीदकोट के गांव पंजगराई कलां में वारिस पंजाब दे संस्था से जुड़े अमनदीप सिंह अमना के घर अजनाला पुलिस ने दबिश दी और उसे हिरासत में लेकर गई।



डिब्रूगढ़ जेल से सांसद अमृतपाल सिंह के सात साथियों को पंजाब लाए जाने के बाद अजनाला थाने पर हमले मामले में धरपकड़ शुरू की गई है। पंजगराई कलां का अमनदीप अमना दीप सिद्धू के समय से वारिस पंजाब दे संस्था से जुड़ा हुआ है। पुलिस को अजनाला थाने में हमले के मामले में उसकी शमूलियत की आशंका है।

## पंजाब में बुलडोजर एक्शन पर सवाल: नशा तस्करों के परिवार खौफ में, महिलाएं हाईकोर्ट से लगा रहीं गुहार

**जालंधर( पवन कश्यप ) :** नशा तस्करों की संपत्ति पर पंजाब सरकार की बुलडोजर कार्रवाई से उनके परिवारों के बीच खौफ का माहौल बन गया है। संपत्ति पर बुलडोजर एक्शन व इसके डर के साथ उनके परिजन व जीवनसाथी हाईकोर्ट से गुहार लगा रहे हैं। रोजाना इस तरह की याचिकाएं विभिन्न जिलों से दाखिल की जा रही हैं। खास बात यह है कि अधिकतर याचिकाएं घर की महिलाओं द्वारा दाखिल की जा रही हैं।



जालंधर निवासी रज्जी ने हाईकोर्ट को बताया कि उसके पति पर एनडीपीएस का केस चल रहा था। इस मामले में एक दिन कुछ अज्ञात लोग आए और उनके साथ पुलिस भी मौजूद थी। उन्होंने याची का ढाबा गिरा दिया, जो परिवार के भरण पोषण का एकमात्र जरिया था।

याची ने कहा कि ढाबा उसके नाम पर है, उसके पति से इसका कोई लेना देना नहीं है। हाईकोर्ट ने कहा कि याची को जब संपत्ति क्षतिग्रस्त हो गई है तो क्या किया जा सकता है। कोर्ट ने नुकसान की भरपाई के लिए याची को सिविल कोर्ट जाने की सलाह दी।

दूसरा मामला लुधियाना निवासी राधा देवी से जुड़ा था। उन्होंने कोर्ट को बताया कि उनके बेटे को एनडीपीएस के मामले में दोषी करार दिया गया था। याची का घर उसके नाम पर है उसके बेटे के नाम पर नहीं, बावजूद इसके घर को अटैच कर दिया गया। उसके बेटे को दोषी करार देने के खिलाफ अपील विचाराधीन है, लेकिन याची को आशंका है कि उसके घर को गिरा दिया जाएगा। पंजाब सरकार ने कोर्ट को विश्वास दिलाया कि जो भी कार्रवाई की जाएगी वह कानून के अनुसार ही होगी। बुलडोजर एक्शन को लगातार अदालत पहुंच रही तस्करों के परिवार द्वारा दाखिल याचिकाओं के अतिरिक्त इस विषय पर हाईकोर्ट में एक जनहित याचिका भी विचाराधीन है।

# CM सुक्खू ने कर दिया 600 बसों के साथ बड़ा खेला, अब क्या करेंगी भगवंत मान सरकार, खालिस्तानी समर्थकों की भी निकली हवा

**जालंधर( अंशु कपूर ) :** बसों को लेकर देश के दो राज्यों के बीच विवाद होता हुआ दिख रहा है। पंजाब-हिमाचल के बीच विवाद अब बढ़ता हुआ दिखाई दे रहा है।

अब इसी कड़ी में हिमाचल के डिप्टी सीएम मुकेश अग्निहोत्री बड़ा बयान देते हुए कहा है कि पंजाब में एचआरटीसी की 600 बसें नहीं रुकेंगी। इस फैसले के पीछे पंजाब में HRTC बसों पर हमलों को बताया जा रहा है। इस फैसले के बाद पंजाब के बस अड्डों पर HRTC बसें पार्क नहीं होंगी, जब तक सुरक्षा सुनिश्चित नहीं की जाती।

खबरों के मुताबिक हिमाचल के डीजीपी ने पंजाब के डीजीपी से बात की है। केंद्र सरकार के समक्ष भी यह मामला उठाया जाएगा। सवारियों और ड्राइवर-कंडक्टर की सुरक्षा हमारी प्राथमिकता है।




इसके अलावा CM सुक्खू की तरफ से दिए गए बयान में कहा गया है कि हिमाचल की बसों की पंजाब में तोड़फोड़ की गई है इसको लेकर हमने भगवंत मान से बात की है और जल्द इसका हल निकालेंगे।

**HRTC बसों पर हुआ हमला, खालिस्तान लिखा गया :** डिप्टी सीएम और परिवहन मंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने सदन में बोलते हुए कहा कि बार-बार हमले हो रहे हैं। अब अमृतसर में 4 बसों पर हमला हुआ है और विंड स्क्रीन तोड़ी गई है, हिमाचल की बसों पर खालिस्तान लिखा गया है। डिप्टी सीएम ने कहा कि हमारी 600 बसों को जो पंजाब रूट से होकर चलती हैं, उनको निशाना बनाया जा रहा है। इसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि हिमाचल सरकार ने वहां की सरकार से बात की है।

वहीं, सरकार वहां की पुलिस से संपर्क में है। बस स्टैंड पर खड़ी बसों के साथ तोड़फोड़ करने वालों के खिलाफ सरकार ने FIR दर्ज दर्ज करवाई है। पंजाब सरकार से बातचीत के बाद अगला फैसला लिया जाएगा.

### बसों पर हुए हमले

HRTC के मुताबिक बिलासपुर, ऊना, देहरा और हमीरपुर डिपो की बसें बस स्टैंड में खड़ी थीं। इनमें से तीन बसों के फ्रंट शीशे टूटे हुए पाए गए और अन्य बसों के आगे और साइड में खालिस्तान लिखा गया था। इन हमलों को लेकर हमीरपुर के एचआरटीसी डिविजन मैनेजर राज कुमार पाठक ने पुष्टि की। वहीं हमीरपुर डिपो की बसों पर नारे लिखे गए।

### क्या है दोनों राज्यों के बीच विवाद?

इस वक्त हिमाचल प्रदेश और पंजाब के खालिस्तानी समर्थकों के बीच विवाद चल रहा है। इसकी वजह से हिमाचल की बसों को पंजाब में बार-बार निशाना बनाया जा रहा है। संगरूर में चंबा से दिल्ली जा रही बस के शीशे तोड़े गए थे।

मोहाली के खरड़ में भी एक बस पर हमला किया गया था, जिसके बाद पंजाब पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया था। होशियारपुर जिले और बस स्टैंड में हिमाचल की बसों पर भिंडरावाला के पोस्टर लगाए गए थे। इसके अलावा, होशियारपुर में हिमाचल की गाड़ियों, ट्रकों और निजी बसों पर भी भिंडरावाला के पोस्टर चिपकाए गए थे।

आवश्यकता
पंजाब के हर शहर व कस्बे से पत्रकारों की जरूरत है। चाहवान सम्पर्क कर सकते है।
मोब. 97814-00247
97804-00247





# पंजाब में अब गर्मी दिखाएगी तेवर

## 5 जिलों में तापमान 30 डिग्री के पार

**जालंधर ( हर्ष शर्मा ) :** पंजाब के अधिकतम तापमान में कोई बदलाव नहीं देखा गया लेकिन यह सामान्य से 2.9 डिग्री सेल्सियस अधिक रहा। राज्य में सबसे अधिक तापमान बठिंडा में 32.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विज्ञान केंद्र का कहना है कि आज पंजाब के तापमान में ज्यादा बदलाव नहीं होगा, लेकिन इसके बाद राज्य के तापमान में औसतन 4 डिग्री की बढ़ोतरी होगी।

**दिन और रात के तापमान में 10 से 15 डिग्री का अंतर:** लेकिन रातें ठंडी होती जा रही हैं। दिन और रात के तापमान में लगभग 10 से 15 डिग्री का अंतर देखा जा सकता है। मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार अगले एक सप्ताह तक पंजाब में न तो वेस्टर्न डिस्टर्बेन्स सक्रिय होगा और न ही तापमान में कोई खास बढ़ोतरी होगी। आसमान साफ़ रहेगा और सूरज चमकेगा। जिसके चलते पंजाब का तापमान 4 डिग्री तक बढ़ सकता है।

### कुछ दिनों में बढ़ेगा तापमान

वेस्टर्न डिस्टर्बेन्स का प्रभाव पंजाब, हिमाचल प्रदेश और जम्मू-कश्मीर के आसपास के इलाकों में जारी है। जिसके चलते आज पंजाब के तापमान में कोई बदलाव देखने को नहीं मिलेगा। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि अगले कुछ दिनों में तापमान बढ़ सकता है।

# नागपुर हिंसा में पहली मौत

## ICU में भर्ती इरफान अंसारी ने तोड़ा दम; नौ इलाकों में छठे दिन भी कर्फ्यू जारी



**जालंधर ( हर्ष शर्मा ) :** महाराष्ट्र के नागपुर में हाल ही में हुई हिंसक झड़पों के बाद स्थिति तनावपूर्ण बनी हुई है। इस हिंसा में घायल हुए एक व्यक्ति, इरफान अंसारी, की शनिवार को मौत हो गई। इरफान 17 मार्च को हुई हिंसा में गंभीर रूप से घायल हुए थे और तब से नागपुर के मेयो अस्पताल में उनका इलाज चल रहा था। उनकी गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें घटना के दिन से ही आईसीयू में रखा गया था।

इस हिंसा के बाद शहर में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस ने शुरू में 11 थाना क्षेत्रों में कर्फ्यू लगाया था। घटना के छह दिन बीत जाने के बाद भी, आज नागपुर शहर के नौ पुलिस थाना क्षेत्रों में कर्फ्यू जारी है। जिन क्षेत्रों में अभी भी कर्फ्यू लागू है, उनमें गणेशपेठ, कोतवाली, तहसील, लकड़गंज, पचपावली, शांतिनगर, सक्करदरा, इमामवाड़ा और यशोधरानगर पुलिस थाना क्षेत्र शामिल हैं। गुरुवार को नागपुर पुलिस कमिश्नर ने दो थाना क्षेत्रों से कर्फ्यू हटा लिया था।

इस बीच, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस हिंसा के बाद पहली बार नागपुर पहुंचे। उन्होंने नागपुर में हुए दंगों को लेकर वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के साथ एक बैठक की।

इस दौरान मुख्यमंत्री फडणवीस ने कहा कि पुलिस ने घटना के चार से पांच घंटे के भीतर ही स्थिति को नियंत्रण में कर लिया था। उन्होंने यह भी बताया कि इस हिंसा के दौरान कई पुलिसकर्मी भी घायल हुए हैं।

मुख्यमंत्री ने जानकारी दी कि सीसीटीवी फुटेज और लोगों द्वारा दिए गए वीडियो का विश्लेषण करने के बाद अब तक 104 लोगों की पहचान की गई है, जिनमें से 92 लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया है। गिरफ्तार किए गए लोगों में 10 किशोर भी शामिल हैं।

इसके अतिरिक्त, सोशल मीडिया पर भड़काऊ पोस्ट करने के आरोप में 64 मामलों में कार्रवाई की गई है। नागपुर में अभी भी तनाव का माहौल है और पुलिस प्रशासन स्थिति पर कड़ी नजर रख रहा है। कर्फ्यूग्रस्त इलाकों में सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद है।

# चंद्रयान-3 ने फिर किया कमाल, चंद्रमा पर पानी और बर्फ की जगी उम्मीद

**जालंधर( अंशु कपूर ) :** भारत के चंद्रयान-3 मिशन ने चंद्रमा पर पानी और बर्फ की खोज की दिशा में एक महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है। चंद्रमा की सतह तापीय भौतिकी प्रयोग के तहत विक्रम लैंडर द्वारा किए गए तापमान मापों ने चांद की उच्च अक्षांश वाली मिट्टी में पानी और बर्फ के संभावित जमाव की ओर इशारा किया है।


भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) की भौतिक अनुसंधान प्रयोगशाला के वैज्ञानिक के दुर्गा प्रसाद ने टाइम्स ऑफ इंडिया को बताया कि चंद्रमा पर पानी और बर्फ की उपस्थिति भविष्य में मानव जीवन और अन्वेषण के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि चांद का तापमान न केवल पानी और बर्फ की मौजूदगी को निर्धारित करता है, बल्कि अन्य वैज्ञानिक पहलुओं को भी प्रभावित करता है। चंद्रयान-3 मिशन से प्राप्त यह नई जानकारी प्रतिष्ठित पत्रिका नेचर कम्युनिकेशंस अर्थ एंड एनवायरनमेंट में प्रकाशित हुई है। ChaSTE प्रयोग ने चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव क्षेत्र में 355K (82°C) तक तापमान दर्ज किया, जो कि अनुमानित 330K से 25K अधिक था। वैज्ञानिकों का मानना है कि यह तापमान वृद्धि लैंडर के 6ए के स्थानीय ढलान पर सूरज की ओर झुके होने के कारण हुई। ChaSTE के अवलोकनों के आधार पर, अनुसंधान दल का मानना है कि 14ए से अधिक ढलान वाले बड़े ध्रुवीय क्षेत्रों में पानी और बर्फ के स्थायी भंडार मौजूद हो सकते हैं। इन क्षेत्रों में सौर विकिरण कम पहुँचता है, जिसके कारण तापमान भी कम रहता है, जो भविष्य के चंद्र अभियानों और संभावित मानव निवास के लिए इन्हें अधिक उपयुक्त बनाता है। चांद पर पानी की खोज और उसके संभावित उपयोग को लेकर कई देशों की अंतरिक्ष एजेंसियां उत्सुक हैं। चंद्रयान-3 से प्राप्त ChaSTE के यह परिणाम भविष्य के चंद्र मिशनों और चंद्रमा पर स्थायी मानव उपस्थिति की संभावनाओं को नई दिशा दे सकते हैं। इसरो ने बताया कि इस महत्वपूर्ण डेटा को आगे भी विश्लेषण किया जाएगा और आगामी शोध पत्र प्रकाशित किए जाएंगे।



# यूट्यूबर के घर पर ग्रेनेड फेंकने वाले 2 और गिरफ्तार

## पुलिसकर्मी का बेटा भी शामिल; अब तक 7 आरोपी पकड़े

**जालंधर( अंशु कपूर ) :** जालंधर में यूट्यूबर नवदीप सिंह संधू उर्फ रोजर संधू के घर पर हुए ग्रेनेड हमले के मामले में पुलिस ने 2 और आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। गिरफ्तार आरोपियों में एक पुलिस कर्मचारी का 21 वर्षीय बेटा भी शामिल है। फिलहाल पुलिस दोनों आरोपियों से पूछताछ कर रही है। आरोपियों को जालंधर ग्रामीण पुलिस के सीआईए स्टाफ ने गिरफ्तार किया है।




बता दें कि इससे पहले पुलिस ने मुठभेड़ के बाद एक महिला समेत 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनमें दो मुख्य आरोपी और तीन लॉजिस्टिक सपोर्ट देने वाले शामिल हैं। साथ ही गिरफ्तार महिला ने अपने घर पर फेंकने के लिए ग्रेनेड छिपा रखा था। इस मामले में पुलिस और आरोपियों के बीच दो मुठभेड़ हो चकी हैं। कल पहली मुठभेड़ आरोपियों से वहीं हुई जहां वारदात को अंजाम दिया गया था। जबकि दूसरी मुठभेड़ आदमपुर के गांव चूड़वाली के पास पुलिस ने की। दोनों मुठभेड़ों में बदमाश घायल हुए हैं। दूसरी मुठभेड़ के बाद मुख्य आरोपी के साथ उसके दो अन्य साथी और एक महिला को भी गिरफ्तार किया गया। बता दें कि रोजर संधू के घर पर ग्रेनेड हमला करने का मुख्यारोपी हरियाणा यमुनानगर का रहने वाला हार्दिक कंजोब है। जिसे उसके घर के पास से गिरफ्तार किया गया था। हार्दिक की पूछताछ के बाद अमितप्रीत सिंह निवासी कपूरथला को गिरफ्तार किया था। दो अन्य साथियों को भी गिरफ्तार किया था। आरोपियों के साथ एक महिला भी थी, जोकि पुलिस हिरासत में ली गई थी। गिरफ्तार महिला की पहचान लक्ष्मी निवासी खांबड़ा और अमित के दो अन्य साथियों की पहचान धीरज और पांडेय के रूप में हुई थी।

**आवश्यकता** पंजाब के हर शहर व कस्बे से पत्रकारों की जरूरत है। चाहवान सम्पर्क कर सकते है। मोब. 97814-00247 97804-00247



## हरियाणा : कुरुक्षेत्र में महायज्ञ के दौरान बवाल

# महायज्ञ में ब्राह्मणों पर गोलीबारी



### 3 जख्मी, एक की हालत गंभीर, इलाके में दहशत

**जालंधर ( हर्ष शर्मा ) :** कुरुक्षेत्र के केशव पार्क में चल रहे 1000 कुंडीय यज्ञ आयोजन में बवाल मच गया. यज्ञ कार्यक्रम के आयोजक स्वामी हरि ओम दास के निजी सुरक्षा कर्मियों पर तीन लोगों को गोली मारने का आरोप है.

गोली लगने से घायल तीन लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है, इनमें से एक की हालत गंभीर बताई जा रही है. जानकारी के मुताबिक महायज्ञ में शामिल होने आए कुछ युवकों ने बासी भोजन परोसे जाने को लेकर शिकायत की, जिसके बाद विवाद हुआ. कहासुनी के दौरान महायज्ञ के आयोजनकर्ता हरि ओम दास के सुरक्षाकर्मी ने गोली चला दी, जिसमें तीन युवक घायल हो गए.

आशीष तिवारी नामक युवक को गंभीर हालत में लोकनायक जयप्रकाश सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया. इस घटना से नाराज एक जाति विशेष के लोगों ने महायज्ञ स्थल के बाहर कुरुक्षेत्र-कैथल रोड जाम कर दिया. प्रदर्शनकारियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए पुलिस ने सख्ती दिखाई और जाम खुलवाने का प्रयास किया. फिलहाल मौके पर भारी पुलिस बल तैनात है और स्थिति को नियंत्रित किया है. हालांकि, माहौल अब भी तनावपूर्ण बना हुआ है. पुलिस ने लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की है और घटना की जांच शुरू कर दी गई है.

इस महायज्ञ की शुरुआत 18 मार्च से हुई थी और इसे 27 मार्च तक चलना था. इसके लिए 1008 कुंडीय यज्ञशालाएं बनाई गई थीं. महायज्ञ में हर दिन 1,00,000 आहुतियां डाली जा रही थीं. इस आयोजन के सूत्रधार हरि ओम दास हैं, जिन्हें यज्ञ सम्राट के नाम से जाना जाता है. उन्होंने देशभर के 24 राज्यों में अब तक 101 महायज्ञ का आयोजन कराया है.

उनका संकल्प पूरे भारतवर्ष में 108 महायज्ञ कराने का है. कुरुक्षेत्र में 18 मार्च से शुरू हुआ महायज्ञ इस तरह का 102वां आयोजन है. इस महायज्ञ में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बडोली, मुख्यमंत्री की पत्नी सुमन सैनी और पूर्व राज्य मंत्री सुभाष सुधा जैसे कई बड़े नेता शामिल हो चुके हैं.

#### मामला कैसे शुरू हुआ?

महायज्ञ का आयोजन 18 मार्च से शुरू हुआ था. हंगामे की शुरुआत तब हुई जब महायज्ञ में शामिल ब्राह्मणों ने खराब खाने की शिकायत की. इसको लेकर विवाद इतना बढ़ गया कि स्थिति हाथापाई तक पहुंच गई. इसी बीच महायज्ञ सम्राट बाबा हरिओम के अंगरक्षक ने अचानक गोली चला दी, जिससे तीन ब्राह्मण घायल हो गए.

#### घायलों का इलाज जारी

गोली लगने से घायल पंडित आशीष कुमार और दो अन्य पंडितों को गंभीर हालत में लोकनायक जयप्रकाश अस्पताल में भर्ती कराया गया है. घटना के बाद ब्राह्मणों ने भारी आक्रोश के साथ मुख्य सड़क पर जाम लगाकर प्रदर्शन किया और हमलावरों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की.

#### कई बड़े नेता शामिल हो चुके हैं यज्ञ में

गौरतलब है कि इस महायज्ञ में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बडोली, मुख्यमंत्री की पत्नी सुमन सैनी और पूर्व राज्य मंत्री सुभाष सुधा जैसे कई बड़े नेता शामिल हो चुके हैं. फिलहाल पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और पूरे घटनाक्रम की जांच की जा रही है.

## सड़क पर किसी के इशारे पर रुकने से पहले पढ़ ले यह खबर, लुधियाना में हुई लुट उड़ा देगी आपके होश

**जालंधर ( अंशु कपूर ) :** पंजाब में चोरी, लूट व स्नैचिंग की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही है। वहीं, अब ताजा मामला लुधियाना के साउथ सिटी रोड से सामने आया है। जहां एक एक्टिवा सवार महिला को बीच रास्ते रोक कर कुछ लुटेरों ने हमला कर दिया। फिर नकदी और गहने छिन कर फरार हो गए। इस हमले में महिला को काफी चोटे भी आई है। महिला ने इस घटना की शिकायत पुलिस को दे दी है। फिलहाल कारवाई चल रही है।

### 4 बदमाशों ने चाकू मार कर की लूट

जानकारी के अनुसार पीड़ित महिला पूजा धीर रियल एस्टेट सैक्टर में काम करती है। वह काम से एक्टिवा पर वापिस जा रही थी। जैसे ही वो कार सपा साउथ सिटी रोड के पास पहुंची तो सड़क पर खड़ी एक महिला ने उसे रुकने का इशारा दिया। जैसे ही उसने एक्टिवा रोकी तो पीछे से दो मोटर साइकल पर सवार 4 बदमाशों ने आ कर उसपर हमला कर दिया। बदमाशों ने कहा कि जो कुछ भी तुम्हारे पास है उसे निकाल कर दो। इस समय जब उसने भागने की कोशिश की तो बदमाशों ने चाकू से हमला कर दिया।

### 5 हजार नकदी, सोने के झुमके और रिंग लूटा

लुटेरों ने महिला पर हमला कर उसके पास से 5 हजार की नकदी, सोने के झुमके और बाएं हाथ में पहने सोनी की रिंग छिन ली और मौके से फरार हो गए। महिला को प्राथमिक उपचार देकर हमले की सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस ने 4 अज्ञात लुटेरों और एक महिला के खिलाफ धारा 304,307,3(5) BNS के तहत मामला दर्ज किया है।






# पंजाब में एक बार फिर हिमाचल की बस पर हमला, शीशे तोड़े और नारे भी लिखे

**जालंधर ( पवन कश्यप ) :** पंजाब में लगातार हिमाचल ट्रांसपोर्टेशन की बसों को निशाना बनाया जा रहा है। इस बार अमृतसर में हिमाचल की बसों के साथ तोड़-फोड़ की गई है। इसके साथ बस के ऊपर कुछ नारे भी लिखे गए, जिस कारण बस ड्राइवरों ने बस को अमृतसर के डीपू पर ही खड़ा कर दिया। घटना की वीडियो भी सामने आई है।

चलिए आपको बताते हैं कि यह पूरा विवाद आखिरी शुरू कहां से हुआ है। दरअसल हिमाचल के मनीकरण साहिब में सिख नौजवान की बाइक पर लगे झंडों पर ऐतराज जताया गया था और बाद में उसे उतार दिया गया था। घटना की वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पंजाब में इसका विरोध किया गया।

### होशियारपुर में लगाए गए पोस्टर

विरोध के बाद होशियारपुर में हिमाचल से आ रही बसों को रोका गया और उसके ऊपर पोस्टर लगाए गए।

इसके साथ यह भी कहा गया कि पंजाब में हिमाचल की बसें तभी एंट्री करेंगी अगर उन पर पोस्टर लगा हुआ हो। इसके बाद खरड़ में भी हिमाचल की बसों को निशाना बनाया गया और उसके साथ तोड़-फोड़ गई। इस मामले में पुलिस ने तोड़-फोड़ करने वाले आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार भी कर लिया है।

### हिमाचल सरकार ने घटना पर जताई चिंता

वहीं पंजाब में हिमाचल की बसों के साथ लगातार हो रही ऐसी घटनाओं के बाद हिमाचल सरकार ने चिंता जताई है। हिमाचल परिवहन ने कहा कि हम पहले भी पंजाब सरकार से सुरक्षा बढ़ाने की मांग कर चुके हैं। पर बार-बार ऐसी घटनाएं हो रही हैं जोकि एक चिंता का विषय है।

S.T COLLEGE OF NURSING & MEDICAL SCIENCES
Recognized by INC, New Delhi, Affiliated by BFUHS, Faridkot & PNRC, Mohali Approved by Govt. of Punjab.
COURSES OFFERED
ANM 2 Years Diploma
GNM 3 Years Diploma
B.Sc (Nursing) 4 Years Degree
D-Pharmacy (Ay.) 2 Years & 3 Months Diploma
10+1 & 10+2 (P.S.E.B)
V.P.O. Mehlanwali, Una Road, Hoshiarpur Pb.
Contact : +91-62841-11519, +91-99145-82525
www.stnursinginstitute.in

## सख्त एक्शन में नगर निगम

# जालंधर में अवैध कॉलोनियों पर चला बुलडोजर




## 1000 से ज्यादा अवैध कोठियों का खुलासा, जल्द होगी बड़ी कार्रवाई

**जालंधर ( हर्ष शर्मा ) :** पंजाब की भगवंत मान सरकार के सख्त रुख के चलते जालंधर में अवैध कॉलोनियों और गैरकानूनी निर्माण के खिलाफ कार्रवाई तेज हो गई है। कैबिनेट मंत्री मोहिंदर भगत और मेयर वनीत धीर ने स्पष्ट कर दिया है कि शहर में अवैध निर्माण को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

**बस्ती शेख में अवैध कॉलोनी पर चला बुलडोजर :** नगर निगम कमिश्नर गौतम जैन के निर्देश पर आज नगर निगम की टीम ने बस्ती शेख के लाल पहाड़ी इलाके में चोपड़ा कॉलोनी के पीछे 1 एकड़ में काटी गई अवैध कॉलोनी पर बुलडोजर चलाया। इस कार्रवाई में कॉलोनी की सड़कों को पूरी तरह उखाड़ दिया गया और कई कोठियों को गिरा दिया गया।

**पहले ही दिया गया था नोटिस :** नगर निगम के एटीपी सुखदेव वशिष्ठ ने बताया कि यह अवैध कॉलोनी बिना लाइसेंस विकसित की जा रही थी और पहले ही इसे नोटिस दिया गया था। लेकिन जब निर्माण कार्य नहीं रोका गया, तो निगम ने सख्त कदम उठाते हुए कॉलोनी को तोड़ दिया।

### बिना लाइसेंस हो रहा अवैध निर्माण

जालंधर के बस्तियात इलाके में कई अवैध कॉलोनियां काटी जा रही हैं, जिनमें से कई को नोटिस जारी किया जा चुका है। इन पर जल्द ही कार्रवाई होगी। कैबिनेट मंत्री मोहिंदर भगत ने नगर निगम को सख्त निर्देश दिए हैं कि सरकारी खजाने को नुकसान पहुंचाने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाए।

### बस्ती पीरदाद रोड पर 1000 से ज्यादा अवैध कोठियां

जानकारी के मुताबिक, बस्ती पीरदाद रोड पर 1000 से ज्यादा कोठियां बिना नक्शे के बनाई जा रही हैं। यहां दोनों साइड में अवैध कॉलोनियों का निर्माण जारी है, जिससे सरकार को करोड़ों रुपये के राजस्व का नुकसान हो रहा है। नगर निगम अधिकारियों ने साफ कर दिया है कि अवैध कॉलोनियों पर यह कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी और दोषियों के खिलाफ सख्त कदम उठाए जाएंगे।

## चीखती रही महिला और लुटेरे ने...!, जालंधर से सामने आया सनसनीखेज VIDEO, देखकर दहल जाएगा दिल

**जालंधर ( हर्ष शर्मा ) :** पंजाब की भगवंत मान सरकार सूबे की कानून व्यवस्था चाक-चौंबद होने के दावे करती रहती है। लेकिन जमीनी हकीकत इससे बिल्कुल इतर है। यहां के जालंधर से सामने आए एक ताज़ातरीन वीडियो ने सूबे की आम आदमी पार्टी की सरकार के दावों पर कालिख पोत दी है।

आपको बता दें कि जालंधर के पॉश इलाकों में से एक श्री गुरु गोबिंद सिंह एवेन्यू से शुक्रवार का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हुआ है जिसने पंजाब में बेहतर कानून व्यवस्था के दावों की कलई खोल दी है। वीडियो में साफ दिख रहा है कि एक शख्स लूट के इरादे से घर में घुसा जब महिलाओं ने देख लिया तो उसने धारदार हथियार से उनपर हमला कर दिया।

### वीडियो देख दहल जाएगा दिल

वायरल हो रहा वीडियो शुक्रवार दोपहर का है। जब करीब 12:20 बजे श्री गुरु गोबिंद सिंह एवेन्यू के मकान नंबर 262 में हथियार लेकर लुटेरा घुस आया। घर की महिलाओं ने जब उसे देखा तो चीख-पुकार मच गई। महिलाएं मकान के अंदर से बाहर गेट की तरफ भागी।

जालंधर के गुरु गोबिंद सिंह एवेन्यू में लुटेरे ने दराट से बुजुर्ग महिला पर हमला कर दिया, यह घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई।

इस दौरान लुटेरे ने महिला को पीछे से पकड़ा और उस पर हमला कर दिया। इस घटना में 65 साल की नीलम गुप्ता के हाथ पर गंभीर चोट आई है। पूरी घटना सीसीटीवी में कैद हो गई। जानकारी के मुताबिक घटना की सूचना पुलिस को दे दी गई है और वह आगे की कार्रवाई में जुट गई है।



## 'अश्लील गाने बजाए, मेरी जांघों को पकड़ा और फिर...' NIT के प्रोफेसर ने छात्रा के साथ की गंदी करतूत

**जालंधर ( अंशु कपूर ) :** असम के सिलचर में स्थित एनआईटी के एक असिस्टेंट प्रोफेसर को पुलिस ने छात्रा के साथ अश्लील हरकत करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. कोटेश्वर राजू धेनुकोंडा पर एक छात्रा ने आरोप लगाया कि उसने उसका उत्पीड़न किया है। कछार पुलिस अधीक्षत नुमल महत्ता ने बताया कि डॉ. कोटेश्वर राजू धेनुकोंडा को NIT ने सस्पेंड कर दिया है। पीड़िता और उसके परिवार द्वारा दर्ज कराई गई अलग-अलग शिकायतों के आधार पर आरोपी को संस्थान के परिसर से गिरफ्तार किया गया है।




एनआईटी के बैचलर ऑफ टेक्नोलॉजी की छात्रा ने असिस्टेंट प्रोफेसर के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। कार्रवाई की मांग करते हुए छात्रा ने रातभर प्रदर्शन भी किया था। पीड़िता के मुताबिक, प्रोफेसर ने उसे अपने चैंबर में बुलाकर कथित तौर पर उसका यौन उत्पीड़न किया। पीड़िता के मुताबिक, प्रोफेसर ने उसके कम ग्रेड पर चर्चा करने के लिए अपने चैंबर में बुलाया और अनुचित तरीके से उसे छुआ। वायरल चिट्ठी में पीड़िता ने प्रोफेसर पर आरोप लगाते हुए कहा, प्रोफेसर ने मुझे अपने पास बैठने को कहा और पूछा कि कम ग्रेड क्यों मिलते हैं।

उसने मेरे हाथ को पकड़ना शुरू किया और उंगलियां छूने लगा। फिर प्रोफेसर ने धीरे-धीरे मेरी जांघों को पकड़ लिया। उसने मेरे सामने अपने कम्प्यूटर पर अश्लील गाने बजाना भी शुरू कर दिया। पीड़िता ने चिट्ठी में आगे बताया, प्रोफेसर ने मेरे पेट को छुआ और उसे सहलाया। मैं रोने लगी लेकिन वह नहीं रुका।

उसने मुझे सहज होने और अपने पैर ठीक से फैलाने को कहा। इसके बाद उसने पीछे से मेरी गर्दन पकड़ ली।

## BJP नेता ने अपनी ही पत्नी व तीन बच्चों को मारी गोली, बेटी और बेटे की मौत; खुद ही दी पड़ोस को जानकारी

**जालंधर ( पवन कश्यप ) :** सहारनपुर में भाजपा के नेता ने अपनी पत्नी और तीन बच्चों को गोली मार दी । जिसमें दो बच्चों की मौत हो गई है। जबकि पत्नी और एक बच्चा गंभीर रूप से घायल है। वहीं, जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने सभी को अस्पताल पुहंचाया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। जानकारी के मुताबिक, दोनों बच्चों का शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। वहीं, पुलिस की निगरानी में भाजपा नेता की पत्नी और एक बच्चे का इलाज कराया जा रहा है। उनकी हालत गंभीर बनी हुई है। वहीं, पुलिस ने आरोपी भाजपा नेता को अरेस्ट कर लिया है। जिनकी पहचान सहारनपुर जिला कार्यकारिणी के सदस्य योगेश रोहिल के रूप में हुई है। कहा जा रहा है कि वह काफी समय से मानसिक रूप से बिमार चल रहे थे।

हालांकि पुलिस की ओर से अभी तक इस वारदात की कोई ठोस वजह नहीं बताई गई है। पुलिस के मुताबिक सहारनपुर के गंगोह इलाके के सांगाथेड़ा गांव में रहने वाले भाजपा नेता द्वारा इस वारदात की सूचना से पूरे जिले में हड़कंप मच गया। मौके पर पहुंचे एसपी ग्रामीण फोरेंसिक टीम के साथ पहुंचे और जांच शुरू कर दी है।



बताया जा रहा है कि वारदात के बाद खुद योगेश रोहिल्ला ने ही पास पड़ोस को घटना की जानकारी दी। बताया कि उन्होंने अपनी पत्नी और तीनों बच्चों को गोली मार दी है। यह सुनकर पड़ोसी भी हैरान रह गए और मौके पर जाकर हालात देखने के बाद पुलिस को सूचना दी। इस सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने बीजेपी नेता को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है।

आवश्यकता पंजाब के हर शहर व कस्बे से पत्रकारों की जरूरत है। चाहवान सम्पर्क कर सकते है। मोब. 97814-00247 97804-00247



## सौरभ हत्याकांड में एक और नया खुलासा

# साहिल-मुस्कान ने दी थी सौरभ की बलि!




### पांच महीने से कर रहे थे कर्ण पिशाचनी तंत्र साधना; हत्याकांड में हुए कई चौंकाने वाले खुलासे

**जालंधर ( हर्ष शर्मा ) :** मेरठ के ब्रह्मपुरी निवासी सौरभ कुमार की हत्या के आरोपी पत्नी मुस्कान और उसके प्रेमी साहिल शुक्ला को लेकर एक और नया खुलासा हुआ है। सौरभ की हत्या के बाद आरोपियों को पछतावा नहीं है। सौरभ की हत्या करने के बाद उसकी पत्नी मुस्कान ने अपने प्रेमी साहिल शुक्ला के साथ हिमाचल प्रदेश के कसोल में रंगों की होली खेली। होली के दिन कसोल के एक रिसॉर्ट में मुस्कान और साहिल का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

रेव पार्टी में डीजे पर दोनों होली के रंगों में सरोबार होकर जमकर डांस करते हुए दिख रहे हैं। ब्रह्मपुरी पुलिस ने इस वीडियो को भी जांच में शामिल कर लिया है। उनके साथ गए कैब चालक से भी पुलिस की टीम पूछताछ करेगी। ब्रह्मपुरी के इंदिरानगर निवासी सौरभ राजपूत लंदन में एक बेकरी में नौकरी करता था। दो साल बाद वह 24 फरवरी को अपनी पत्नी मुस्कान रस्तोगी और छह साल की बेटी पीहू का जन्मदिन मनाने आया था।

### पहले ही खरीद लिया था ये सामान

उसने 25 फरवरी को मुस्कान और 28 फरवरी को बेटी पीहू का जन्म दिन मनाया। बेटी के जन्मदिन पर पीहू संग मुस्कान और सौरभ ने खूब डांस किया। इसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। मुस्कान ने अपने प्रेमी साहिल शुक्ला के साथ मिलकर सौरभ को अपने रास्ते से हटाने के लिए उसकी हत्या करने का षडयंत्र पहले ही रच लिया था।

इसके लिए चाकू, उस्तरा, नशीली दवाई, पॉलीथिन आदि सामान पहले ही खरीद लिया था। दोनों ने तीन मार्च की रात को सौरभ की हत्या की वारदात को अंजाम दिया।

### होली के दिन मुस्कान और साहिल ने मनाया था जमकर जश्न

दिल दहला देने वाली वारदात को अंजाम देकर मुस्कान और साहिल शुक्ला पांच मार्च को ही घूमने हिमाचल प्रदेश चले गए। वहां उन्होंने शिमला, मनाली, कसोल वैली आदि स्थानों पर मौज मस्ती की। 14 मार्च को होली के दिन मुस्कान और साहिल ने जमकर जश्न मनाया। इस बाबत वीडियो के वायरल होने पर शहर में तमाम चर्चाएं हैं।

### दोनों नशे के आदी हो गए

मुस्कान और साहिल शुक्ला नशे के आदी हो चुके थे। सौरभ की हत्या करने के बाद भी दोनों को पछतावा नहीं हुआ। वह जश्न मनाने के लिए हिमाचल में पहुंच गए। होली और दुल्हेंडी का जश्न भी मनाया। जश्न बनाने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, इसकी जानकारी लगने पर ब्रह्मपुरी थाने की पुलिस जांच करने में जुट गई है। पता कराया जा रहा है कि हत्या करने के बाद दोनों कहां-कहां पर गए थे और उनके संपर्क में कौन था।

### लंदन से लौटे युवक की पत्नी ने प्रेमी संग मिलकर की हत्या

जानकारी के अनुसार, मेरठ में लंदन से लौटे सौरभ कुमार (29) की तीन मार्च की रात पत्नी मुस्कान रस्तोगी ने प्रेमी साहिल शुक्ला के साथ मिलकर हत्या कर दी। आरोपियों ने शव के 15 टुकड़े ड्रम में रखकर ऊपर से चिनाई कर दी। मुस्कान अपनी पांच साल की बेटी को मायके में छोड़कर प्रेमी के साथ चार मार्च की शाम को हिमाचल घूमने चली गई। वापस लौटकर मुस्कान ने अपने पिता को सौरभ की हत्या करने की जानकारी दी।

### मर्चेंट नेवी में काम कर चुका था सौरभ कुमार

मंगलवार को प्रमोद कुमार और मुस्कान के साथ ब्रह्मपुरी थाने पहुंचे और पुलिस को वारदात की जानकारी दी। पुलिस ने महिला और उसके प्रेमी को गिरफ्तार कर सौरभ शव को बरामद किया है। लंदन में नौकरी कर रहा ब्रह्मपुरी के इंदिरानगर की मास्टर कॉलोनी निवासी सौरभ कुमार (29) 24 फरवरी को अपने घर लौटा। दरअसल, 25 फरवरी को उसकी पत्नी मुस्कान (26) जन्मदिन था। इसी को मनाने के लिए वह वापस आया था, साथ ही 28 फरवरी को बेटी पीहू (5) का जन्मदिन था।

### मुस्कान और साहिल शुक्ला के खिलाफ हत्या का केस


पिता के बार–बार पूछने पर आखिरकार मुस्कान ने अपने गुनाह स्वीकार करते हुए बता दिया कि उसने साहिल के साथ मिलकर सौरभ की हत्या की है। इसके बाद परिजनों ने मुस्कान को साथ लेकर ब्रहमपुरी थाने पर जाकर हत्या की जानकारी दी। पुलिस ने ब्रहमपुरी की मास्टर कॉलोनी में रहने वाली साहिल शुक्ला को भी गिरफ्तार कर उसकी निशानदेही पर ब्रहमपुरी में ही किराये के मकान से ड्रम में सौरभ का शव बरामद कर लिया। सौरभ के भाई बबलू कुमार की ओर से मुस्कान और साहिल शुक्ला के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कराया गया।





### साक्ष्य जुटाने के लिए पुलिस की टीम हिमाचल प्रदेश रवाना

सौरभ हत्याकांड में साक्ष्य जुटाने के लिए पुलिस की एक टीम शुक्रवार को हिमाचल प्रदेश के लिए रवाना हो गई है। टीम वहां पर मुस्कान और साहिल शुक्ला के उन सभी ठिकानों पर जाएगी, जहां पर दोनों ठहरे थे। मुस्कान और साहिल 17 मार्च को हिमाचल से लौटे। 18 मार्च को मुस्कान ने अपनी मां कविता रस्तोगी और पिता प्रमोद रस्तोगी से झूठ कहा कि सौरभ की उसके परिजनों ने हत्या कर दी।





मुस्कान और साहिल का जश्न मनाते हुए वीडियो वायरल हो रहा है, जो कसोल मनाली का बताया गया है। पुलिस ने इसे जांच में शामिल कर लिया। एक टीम को शुक्रवार को हिमाचल प्रदेश भेजा गया है। टीम शिमला, मनाली, कसोल वैली आदि जहां पर दोनों हत्यारोपी ठहरे थे, वहां से उनके साक्ष्य हासिल करेंगी। वहां से सीसीटीवी फुटेज आदि भी ली जाएगी।
- डा. विपिन ताडा, एसएसपी








# टीबी के नए मामलों और मृत्यु दर में आई गिरावट

## यूपी में 1300 से अधिक ग्राम पंचायत टीबी मुक्त

ट्यूबरक्लोसिस (टीबी) की बीमारी भारतीय स्वास्थ्य व्यवस्था के लिए गंभीर चुनौती बनी हुई है। भारत का इसी साल यानी 2025 तक टीबी मुक्त होने का लक्ष्य था, हालांकि जिस तरह से हर साल टीबी के मरीजों की संख्या बढ़ती जा रही है, उसे देखकर ये लक्ष्य काफी दूर नजर आता है।

वैसे तो टीबी उन्मूलन की दिशा में भारत सरकार लगातार प्रयास कर रही है जिसके अच्छे परिणाम भी देखे जा रहे हैं हालांकि निर्धारित लक्ष्य अब भी काफी दूर बना हुआ है।

लोकसभा में प्रश्नकाल के दौरान टीबी से संबंधित एक सवाल के जवाब में स्वास्थ्य राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने कहा कि हम लगातार टीबी मुक्त राष्ट्र बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। देश में टीबी की घटनाओं की दर में कमी आई है। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक साल 2015 में प्रति एक लाख लोगों पर 237 लोगों में टीबी का पता चलता था जो 2023 में घटकर 195 रह गया है। नए मामलों में 17.7 प्रतिशत की गिरावट देखी गई है, जो वैश्विक स्तर पर टीबी के मामलों में आ रही कमी से दोगुनी से भी अधिक है।

मंत्री ने कहा कि सरकार ने टीबी के छूटे हुए मामलों का पता लगाने के लिए सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 347 प्राथमिकता वाले जिलों में 100 दिवसीय टीबी उन्मूलन अभियान शुरू किया है।

स्वास्थ्य राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने कहा कि 2015 की तुलना में 2023 में टीबी के कारण होने वाली मौतों में भी 21 प्रतिशत से अधिक की कमी आई है। सरकार के निरंतर प्रयासों के चलते देश में टीबी उपचार कवरेज भी 32 प्रतिशत तक बढ़ा दिया गया है।

बड़ी संख्या में लोग ऐसे भी हैं जिन्हें बीमारी तो है पर उनका निदान नहीं किया गया, ऐसे लोगों का पता लगाने और उपचार प्रदान करने की दिशा में भी सरकार लगातार प्रयास कर रही है। टीबी को देश से खत्म करने के लिए सभी लोगों को साथ आने का भी आह्वान किया गया है।

### 100 दिवसीय टीबी उन्मूलन अभियान

पिछले साल 7 दिसंबर को देशभर में 100 दिवसीय टीबी उन्मूलन अभियान शुरू किया गया था, जिसका उद्देश्य टीबी का पता लगाने, उपचार और जागरूकता में तेजी लाना है।

मेघालय एचएलएल लाइफकेयर लिमिटेड के स्टेट-कोऑर्डिनेटर मेबैंकमेन खारकोंगोर के अनुसार, टीबी उन्मूलन की दिशा में स्पेक्टम करियर महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक शिविर में हम मशीन में थूक के सैंपल एकत्र करते हैं। इसे न्यूक्लिक एसिड एम्प्लीफिकेशन टेस्ट केंद्रों पर वापस पहुंचाते हैं। इसकी मदद से टीबी का पता लगाने और समय रहते बीमारी का इलाज शुरू करने में मदद मिल सकती है।

यहां हम रोजाना लगभग 510 सैंपल एकत्र करते हैं और इसकी जांच करके बीमारी का पता लगाने की कोशिश की जा रही है।

**17 हजार ग्राम पंचायतों में एक साल में नहीं आया एक भी नया मामला** : राष्ट्रीय स्तर पर करीब 17 हजार ग्राम पंचायतों ने बीते एक साल में एक भी नया मामला नहीं मिलने का दावा किया है। उत्तर प्रदेश से साल 2024 में 7,755 ग्राम पंचायतों ने टीबी मुक्त होने का प्रमाण हासिल करने का दावा किया है। इनमें अकेले सिद्धार्थनगर जिले से 216 ग्राम पंचायतों ने राज्य सरकार को आवेदन किया है।



उत्तर प्रदेश के राज्य टीबी अधिकारी डॉ. शैलेन्द्र भटनागर ने बताया कि 2023 में कुल 1,372 ग्राम पंचायतों को टीबी मुक्त घोषित किया गया।


वहीं दूसरी ओर हाल ही में तमिलनाडु टीबी प्रसार सर्वेक्षण में 39त्न सबक्लिनिकल टीबी के मामले पाए गए। सब क्लिनिकल टीबी का मतलब उन रोगियों से है जिनमें बीमारी के लक्षण जैसे खांसी या कफ आदि नहीं दिखाई देते हैं। ऐसे मामलों को देखते हुए सभी राज्यों को बिना लक्षण वाले मरीजों को निगरानी में लेने और जांच कराने की सलाह दी गई है।

**दुनियाभर में टीबी की चुनौती** - विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने एक रिपोर्ट में बताया कि साल 2023 में दुनियाभर में 8 मिलियन (80 लाख) से अधिक लोगों में तपेदिक का पता चला है। यह संयुक्त राष्ट्र स्वास्थ्य एजेंसी द्वारा 1995 में ट्रैक रखना शुरू करने के बाद से दर्ज किए गए मामलों की सबसे अधिक संख्या है। इससे पहले 2022 में डब्ल्यूएचओ ने टीबी के 7.5 मिलियन (75 लाख) मामले दर्ज किए। पिछले साल लगभग 1.25 मिलियन (12.5 लाख) लोगों की टीबी से मृत्यु भी हुई है।

# सावधान! त्वचा पर नजर आने वाले 5 लक्षण बताते हैं, खतरे के निशान से ऊपर पहुंच गया है कोलेस्ट्रॉल

आजकल भागदौड़ भरी जिंदगी और अनहेल्दी खानपान की वजह से हाई कोलेस्ट्रॉल की समस्या आम होती जा रही है। ज्यादातर लोग यह सोचते हैं कि कोलेस्ट्रॉल की समस्या सिर्फ हार्ट पर असर डालती है, लेकिन क्या आप जानते हैं कि इसका असर आपकी त्वचा पर भी दिख सकता है? अगर समय रहते इन संकेतों को नहीं पहचाना गया, तो यह सेहत से जुड़ी गंभीर समस्याओं का कारण बन सकता है।

जी हां, अगर आपकी त्वचा में कुछ अजीब बदलाव नजर आ रहे हैं, तो इसे नजरअंदाज न करें! यह संकेत हो सकते हैं कि आपके शरीर में कोलेस्ट्रॉल का स्तर खतरे के निशान को पार कर चुका है। आइए जानते हैं वे 5 लक्षण जो आपकी त्वचा पर कोलेस्ट्रॉल बढ़ने का इशारा करते हैं।



### आंखों के पास पीले धब्बे

अगर आपकी आंखों के आसपास या पलकों पर पीले रंग के छोटे-छोटे धब्बे दिख रहे हैं, तो यह एक गंभीर संकेत हो सकता है। इसे जैंथेलाज्मा कहा जाता है, जो दर्शाता है कि आपके खून में कोलेस्ट्रॉल का स्तर बढ़ गया है। ये धब्बे दर्दरहित होते हैं, लेकिन समय के साथ बढ़ सकते हैं और आपके दिल की सेहत को खतरे में डाल सकते हैं।

### हाथों-पैरों पर मोम जैसे गांठें

अगर आपकी त्वचा पर छोटी-छोटी पीली या मोमी गांठें उभर रही हैं, तो यह हाई कोलेस्ट्रॉल का संकेत हो सकता है। इसे जैंथोमा कहा जाता है, जो शरीर में एक्स्ट्रा फैट जमा होने की वजह से बनता है। ये गांठें अक्सर कोहनियों, घुटनों, हाथों और पैरों पर नजर आती हैं।

### त्वचा में जलन और खुजली

अगर आपको बिना किसी खास वजह के त्वचा में जलन, खुजली या लालपन महसूस हो रहा है, तो यह आपके शरीर में खराब कोलेस्ट्रॉल के बढ़ने का संकेत हो सकता है। हाई कोलेस्ट्रॉल के कारण ब्लड फ्लो में रुकावट आती है, जिससे स्किन सेल्स तक पर्याप्त ऑक्सीजन नहीं पहुंचती और त्वचा में जलन होने लगती है।

### पैरों में ठंडापन और घाव जल्दी न भरना

क्या आपके पैरों में हमेशा ठंडक बनी रहती है या किसी भी छोटे घाव को ठीक होने में ज़्यादा समय लग रहा है? यह संकेत हो सकता है कि हाई कोलेस्ट्रॉल की वजह से ब्लड सर्कुलेशन प्रभावित हो रहा है। जब नसों में प्लाक जमा हो जाता है, तो ब्लड फ्लो कम हो जाता है, जिससे पैरों और हाथों में ठंडापन महसूस होता है और चोट या घाव जल्दी नहीं भरते।


### नाखूनों और त्वचा का रंग फीका पड़ना

अगर आपके नाखूनों का रंग हल्का पीला या नीला पड़ने लगा है, तो यह भी हाई कोलेस्ट्रॉल का संकेत हो सकता है। खराब ब्लड सर्कुलेशन के कारण नाखून और त्वचा को पर्याप्त पोषण नहीं मिल पाता, जिससे वे कमजोर और फीके पड़ने लगते हैं।

### कैसे करें बचाव?

- अगर आपको अपनी त्वचा में ऐसे बदलाव नजर आ रहे हैं, तो इसे हल्के में न लें। आप हाई कोलेस्ट्रॉल से बचने के लिए कुछ जरूरी आदतें अपना सकते हैं।
- **हेल्दी डाइट :** तली-भुनी और ज्यादा चिकनाई वाली चीजों से बचें और फल, सब्जियां, नट्स और फाइबर रिच फूड्स खाएं।
- **रेगुलर एक्सरसाइज :** रोजाना कम से कम 30 मिनट तक एक्सरसाइज करें, जिससे शरीर में कोलेस्ट्रॉल कंट्रोल में रहे।
- **स्मोकिंग और शराब से बचें :** ये दोनों चीजें कोलेस्ट्रॉल को बढ़ाकर दिल की बीमारियों को न्योता देती हैं।
- **रेगुलर ब्लड टेस्ट कराएं :** कोलेस्ट्रॉल लेवल चेक करवाते रहें, ताकि समय रहते सावधानी बरती जा सके।

# घास पर नंगे पैर चलने के क्या हैं फायदे?





पैदल चलना व्यायाम प्रक्रिया का सबसे प्रभावी और आसान विकल्प है। रोजाना 10000 कदम पैदल चलने की सलाह दी जाती है, इसके कई स्वास्थ्य लाभ हैं। लेकिन अक्सर आपने पार्क में लोगों को नंगे पैर घास पर चलते देखा होगा। उनसे पूछने पर कोई कहता है कि नंगे पैर घास पर टहलने से आंखों की रोशनी तेज होती है, तो किसी का कहना होता है कि इससे तनाव में कमी आती है। एक आंटी के मुताबिक घास पर बिना चप्पल चलने से पैरों में दर्द से राहत मिलती है। अलग-अलग लोग और अलग-अलग बातें। लेकिन क्या सच में घास पर नंगे पैर चलने से स्वास्थ्य पर सकारात्मक असर होता है? और अगर होता है तो क्या स्वास्थ्य लाभ मिलते हैं? आइए जानते हैं हरी घास पर नंगे पैर चलने के क्या हैं फायदे और स्वास्थ्य लाभ के लिए वॉक का सही तरीका।

नंगे पैर घास पर चलने से आंखों की रोशनी बढ़ती है, इसका कोई वैज्ञानिक आधार नहीं है। हालांकि घास पर नंगे पैर चलना एक आरामदेह गतिविधि है, जो कई तरह के स्वास्थ्य लाभ दे सकती है। ज्यादातर हम कठोर सतह वाले जूते-चप्पल पहने रहते हैं, लेकिन प्रकृति के साथ जुड़ने का यह माध्यम स्वास्थ्य को आश्चर्यचकित लाभ दे सकता है। यह आरामदायक अनुभव की तरह तो लगता ही है, साथ ही घास पर नंगे पैर चलने की क्रिया हमारे शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को गहराई से प्रभावित कर सकती है। इससे रक्त संचार बेहतर होता है जो तनाव, अनिद्रा समेत शरीर को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से कई तरह के स्वास्थ्य लाभ देता है। आइए जानते हैं घास पर नंगे पैर चलने के क्या-क्या फायदे हो सकते हैं।

## चिंता और तनाव होता है कम

घास पर नंगे पैर चलने का सबसे पहला और दिखने वाला लाभ यह है कि यह तुरंत मूड को बेहतर बनाता है। प्रकृति में रहने से कोर्टिसोल के स्तर को कम करने में मदद मिल सकती है, जो तनाव के लिए जिम्मेदार हार्मोन है। 2013 में किए गए एक अध्ययन के अनुसार, आसपास की हरियाली पुरुषों और महिलाओं दोनों में तनाव को कम करने में मदद कर सकती है। जब आप नंगे पैर चलते हैं तो धरती से शारीरिक संबंध आपको जमीन से जुड़ा महसूस कराता है जिसे अर्थिंग या ग्राउंडिंग के रूप में जाना जाता है। घास पर नंगे पैर चलने से आपको रात में बेहतर नींद आती है।

## बेहतर संतुलन के साथ बेहतर मुद्रा

नंगे पैर चलने से आपके पैर अधिक स्वाभाविक रूप से चलते हैं, जिससे मुद्रा और संतुलन में सुधार होता है। जब आप बहुत अधिक कुशनिंग या हील्स पहनते हैं तो आपका सामान्य चलने का तरीका बाधित हो सकता है। घास पर चलने से आपके पैरों की मांसपेशियां अधिक सक्रिय होती हैं, जिससे बेहतर संतुलन मिलता है। समय के साथ, यह आपके पैर और पैर की मांसपेशियों को मजबूत करने में मदद कर सकता है, जिससे संतुलन और मुद्रा में सुधार होता है।

## बेहतर रक्त संचार

घास पर नंगे पैर चलने का एक और शानदार स्वास्थ्य लाभ रक्त संचार में सुधार है।

जब आप नंगे पैर चलते हैं, तो आपके पैर स्वाभाविक रूप से जमीन पर दबाव डालते हैं जो आपके पूरे शरीर में रक्त प्रवाह को उत्तेजित कर सकता है। 2024 में प्रकाशित एक अध्ययन के अनुसार, जो लोग नियमित रूप से हरी और ताजी घास के संपर्क में रहते हैं, उनका रक्तचाप संतुलित पाया गया है। यह क्रिया सूजन को कम करने और पैरों और उसमें रक्त संचार को बेहतर बनाने में मदद कर सकती है, संभावित रूप से वैरिकाज़ नसों या खराब रक्त संचार जैसी स्थितियों को रोक सकती है।

घास पर नियमित रूप से नंगे पैर चलने से आपके लसीका तंत्र को भी बढ़ावा मिल सकता है, जिससे विषाक्त पदार्थों को अधिक प्रभावी ढंग से बाहर निकालने में मदद मिलती है।

## पैरों के स्वास्थ्य के लिए बेहतर

घास जैसी प्राकृतिक सतहों पर चलने से आपके पैरों की मांसपेशियों, जोड़ों और टेंडन (जो मांसपेशियों को हड्डियों से जोड़ता है) को मजबूती मिलती है। यह आपके पैरों के प्राकृतिक आर्च को भी बढ़ावा देता है, जिससे पैरों से जुड़ी समस्याओं जैसे कि फ्लैट फ़ीट या प्लांटर फेशिआइटिस के विकसित होने का जोखिम कम हो सकता है। घास फुटपाथ या कंक्रीट से ज्यादा नरम होती है, इसलिए यह आपके पैरों को चलने के लिए एक नरम सतह प्रदान करती है। यह पैरों के दर्द और बेचैनी को कम करने में मदद कर सकता है जो इसे उन लोगों के लिए एक आदर्श अभ्यास बनाता है जो अपने पैरों पर बहुत समय बिताते हैं या पैरों की बीमारियों से पीड़ित हैं।

## विटामिन डी मिलता है

घास पर नंगे पैर चलने से विटामिन डी के स्तर पर सीधे असर नहीं पड़ता है, लेकिन इस अभ्यास के लिए आमतौर पर लोग घर से बाहर धूप के संपर्क में आते हैं। सूरज की रोशनी में रहना शरीर के लिए विटामिन डी के उत्पादन का सबसे प्राकृतिक तरीका है।

घास पर नंगे पैर चलने में बस कुछ मिनट बिताने से आपके शरीर को इस आवश्यक पोषक तत्व मिलता है जो हड्डियों के स्वास्थ्य, इम्यून फंक्शन और समग्र स्वास्थ्य में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

## कब चले नंगे पैर घास पर

सुबह सूर्योदय के समय लगभग 15 से 30 मिनट हरी घास पर नंगे पैर चलना अधिक स्वास्थ्य लाभ दे सकता है। शाम को भी घास पर टहल सकते हैं लेकिन सुबह टहलना ज्यादा बेहतर समय होता है।







